
मुख्यमंत्री ने कहा, उत्तर प्रदेश को वर्ष 2027-28 तक वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाएंगे

# यूपी अब बीमारू राज्य नहीं:योगी

**साक्षात्कार**

■ सुनील द्विवेदी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं रहा। यूपी की अर्थव्यवस्था वर्ष 2027-28 में वन ट्रिलियन डॉलर होगी। वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश देश की छठी अर्थव्यवस्था थी। हमने बीते छह वर्षों में दोगुनी बड़ी वृद्धि के साथ यूपी को देश की दूसरी अर्थव्यवस्था बना दिया है। अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होने के बाद अयोध्या विश्व का सबसे ज्यादा पर्यटक आकर्षित करने वाला धर्मस्थल होगा। नई अयोध्या देश में पर्यटकों की संख्या का रिकार्ड तोड़ देगी और अर्थव्यवस्था का केंद्र बनेगी।



लखनऊ में बुधवार को अपने आवास पर 'हिन्दुस्तान' से खास बातचीत करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● सुधांशु कुमार

**06** करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला

**2.4** फीसदी रह गई यूपी में बेरोजगारी दर

## 'प्रधानमंत्री का विजन, हमारा मिशन'



" वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था को लेकर प्रधानमंत्री का जो विजन है वह हमारा मिशन है। उनके विजन के मुताबिक तकनीक का इस्तेमाल कर यूपी ने अभूतपूर्व विकास का लक्ष्य हासिल किया है। पीएम के विजन पर काम करते हुए फैमिली हेल्थ सर्वे के जो डाटा हैं, वे अब नेशनल औसत के समकक्ष या आगे चल रहे हैं।

**योगी आदित्यनाथ**, मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने बुधवार को 'हिन्दुस्तान' से विशेष बातचीत में ये बातें कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या हो, काशी या फिर मथुरा हो, आध्यात्मिक पर्यटन ने बहुत संभावनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूपी को वन ट्रिलियन डॉलर का लक्ष्य दिया है। हमने वर्ष 2027 तक वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य रखा है। प्रधानमंत्री का जो विज़न है वह हमारा मिशन भी है। उसी के अनुरूप हमने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कार्य प्रारंभ किए हैं।

**2017 से पहले सेक्टर की पहचान तक नहीं थी:** मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले विकास के लिए सेक्टरों की पहचान ही नहीं थी। उत्तर प्रदेश में तो हनुमान जैसी ताकत है लेकिन इसे भुला दिया गया था। प्रधानमंत्री के मार्ग निर्देशन का ही परिणाम है कि यूपी में अब एमएसएमई की 96 लाख इकाइयां हैं। दुनिया की सबसे उपजाऊ भूमि हमारे पास है। देश में सबसे ज्यादा युवा शक्ति हमारे पास है। यूपी अनेक संभावनाओं वाला प्रदेश है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में कृषि उत्पादन में यूपी की डबल इंजन की सरकार राष्ट्रीय औसत से आगे है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे में कई मानकों पर यूपी पिछड़ा था। लोग बोलते थे कि यूपी पूरे देश को खराब कर रहा है लेकिन प्रधानमंत्री के विज़न पर काम करते हुए आज जो हमारे डाटा हैं, वे अब नेशनल औसत के समकक्ष या फिर आगे चल रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में 6 करोड़ लोगों को हमने गरीबी से उबारा है और बीमारू राज्य की श्रेणी से यूपी मुक्त हो चुका है। बीमार शब्द यूपी से हटा देना चाहिए। यूपी आज रेवन्यू सरप्लस स्टेट है। देश में प्रधानमंत्री के विजन के मुताबिक तकनीक का इस्तेमाल कर यूपी ने जो हासिल किया है, वह अभूतपूर्व है।

➤शेष P04 पर जारी